# पंचायत समिति की मांग को लेकर तीसरे दिन भी बंद रहा कुंवारिया बाजार

- तहसील के बाहर अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी
- बंद से लाखों रूपयो का व्यवसाय हुआ प्रभावित

**राजसमंद,** (निसं)। जिले के कुंवारिया तहसील मुख्यालय पर पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर तीसरे दिन शुक्रवार को भी कुंवारिया पूरी तरह से बंद रहा। कुंवारिया सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवो के लोगों ने सामूहिक रूप से तीसरे दिन भी कुंवारिया तहसील परिसर के बाहर धरना देकर अपनी आवाज को बुलंद किया।

उल्लेखनीय है कि कुंवारिया तहसील मुख्यालय पर पंचायत समिति का गठन करने की मांग को लेकर कुंवारिया को अनिश्चितकाल तक बंद रखने के सामुहिक निर्णय के तहत तीसने दिन शुक्रवार को भी कुंवारिया पुरी तरह से बंद रहा। कुंवारिया कस्बे के व्यापारी व आमजन ने स्वेच्छा से कस्बे की हक की लडाई में सहयोग देते हुए बंद का शत प्रतिशत समर्थन किया। कुंवारिया तहसील मुख्यालय के बाजार जो हर समय ग्राहको व ग्रामीणों से गुलजार रहने वाली गलियों में सन्नाटा पसरा हुआ था। बंद के कारण सैंकडो की संख्या में कपडे की खरिददारी करने आए ग्रामीण निराश हो कर लौटे। बंद के कारण कपडा, किराणा, अनाज, खादय सामग्री, होटल, चाय नाश्ता, सब्जी, फल फ्रूट, इलेक्ट्रोनिक, पान की दुकाने, शुज की दुकाने सहित अन्य व्यापार प्रतिष्ठान पुरी तरह से बंद रहे, जिससे प्रतिदिन होने वाला लाखो रूपए का व्यवसाय पुरी तरह से ठप्प रहा। पंचायत समिति की मांग को लेकर व्यापारियों व आमजन ने किस प्रकार से कुंवारिया बंद का समर्थन किया उसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कुंवारिया में तीसरे दिन भी चाय की थडी, पान की दुकान से लगा कर बडे-बडे व्यापार प्रतिष्ठान पुरी तरह से बंद रहे। कस्बे की चौपाटी, महावीर मार्केट, लालपुर चौराहा, नीलकंठ चौराहा, सदर बाजार, आमेट चौराहा, बस स्टेण्ड मार्ग, बस स्टेण्ड आदि चौराहो की दुकाने, व्यापार प्रतिष्ठान बंद रहे तथा चहुओर सन्नाटा पसरा हुआ दिखाई दिया। कुंवारिया में एक दर्जन से अधिक गांवो के ग्रामीण व कस्बे के व्यापारी तथा प्रबुद्यजनों से सामुहिक रूप से तहसील परिसर में आयोजित धरना प्रदर्शन में पहुंच कर अपनी मांग को पुरजोर तरिके से उठाया गया। इस दौरान धरना प्रदर्शन में कुंवारिया ग्राम पंचायत प्रशासक ललित श्रीमाली, उपसरपंच सुरेश जाट, फियावडी ग्राम पंचायत प्रशासक सुरेश चन्द्र चौधरी, कुंवारिया पंसस कुसम तातेड, घाटी उपसरपंच विजय प्रकाश सनाढ्य, सर्व व्यापार मण्डल के अध्यक्ष गिरिराज मुन्दडा, महामंत्री यशवंत पीपाडा, पूर्व सरपंच दौलतसिंह शक्तावत, पूर्व पंसस मुकेश शर्मा, पूर्व उपसरपंच रमेश कीर, वार्ड पंच गोवर्धन दास वैष्णव, मांगीलाल सेन, शेषमल प्रजापत, मदन सेन, रामेश्वर साहु, रतनलाल खटीक, गिरिराज काबरा, गणेश पोरवाल, सुखदेव यादव, विपिन तातेड, अधिवक्ता महेश सेन, दिनेश पंचोली, जीतेश श्रीमाली, गिरिराज पालीवाल, नरेशदास वैष्णव, विजय गुर्जर, अजय प्रजापत, विनोद तातेड, गोपाल पालीवाल, लक्ष्मण बंजारा, दिनेश तातेड, राजेन्द्र यादव, गौपाल सालवी, राकेश तातेड, शंकरलाल जाट, किशनलाल गुर्जर, विकास प्रजापत, शांतिलाल प्रजापत, कृष्णकांत बंजारा, सुरेश लौहार, संजय टांक, अशोक दाधीच, पवन सोनी, अशोक चावला, अधिवक्ता सोहनलाल पीपाडा, दिनेश व्यास, सुरेश रेगर, अर्जुन यादव, पप्पुदास वैष्णव, पुष्कर साहु आदि ने विचार व्यक्त करते हुए कुंवारिया तहसील मुख्यालय पर पंचायत समिति बनाने की मांग को पुर जोर तरिके से उठाया गया।

राजसमंद के कुंवारिया कस्बे को पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करते ग्रामीण।

तहसील परिसर के बाहर कुंवारिया में पंचायत समिति की मांग को लेकर धरने पर बैठे वक्ताओं ने कहा कि कुंवारिया में वर्तमान में तहसील मुख्यालय व पुलिस थाना स्थित हैं। कस्बे की बसावट फोरलेन व रेलवे ब्रोडगेज के समीप हैं। क्षैत्र की 15 से अधिक पंचायतें कुंवारिया कस्बें से सीधी जुडी हुई है और अपनी राजस्व संबंधी आवश्यक सेवाएं सुलभ प्राप्त करती हैं, इस लहजे से पंचायत समिति मुख्यालय भी कुंवारिया बने तो प्रशासनिक रूप से जनता और सरकार दोनों के लिए लाभदायक होगा सभी कार्य एक स्थान से आसानी से हो सकेंगी। धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे राजसमंद पंचायत समिति के पूर्व उपप्रधान दिनेश बडाला ने कुंवारिया के आमजन की मांग का पुरजोर तरिके से समर्थन करते हुए कुंवारिया में पंचायत समिति बनाने की जायज मांग को शिघ्र पुरा करने की आवश्यता व्यक्त की गई। उन्होने कहा कि कुंवारिया कस्बें में पंचायत समिति की मांग दो दशको से की जा रही हैं इसे अब तो पुरा करना ही चाहिए। कुंवारिया में पंचायत समिति के लिए आवश्यक मापदण्ड पुरी तरह से उपलब्ध हैं ऐसे में कुंवारिया की उपेक्षा नहीं की जा सकती हैं। कुंवारिया में पंचायत समिति गठन कराने की आवश्यकता व्यक्त की गई।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**बांसवाड़ा,** (निसं)। सांसद राजकुमार रोत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछीवाड़ा का औचक निरीक्षण कर चिकित्सालय की बदहाली को लेकर नाराजगी जाहिर की। सांसद रोत जिले के ब्लॉक बिछीवाड़ा में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंचे थे इस दौरान स्थानीय लोगों से शिकायत प्राप्त होने पर सांसद रोत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिछीवाड़ा पहुंचे। यहां की बदहाल स्थिति देखकर नाराज हुए।

औचक निरीक्षण के दौरान बताया गया कि यहां 6 डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं लेकिन वर्तमान में यहां केवल एक ही डॉक्टर लगा है और पुरी ब्लॉक स्तरीय सीएचसी को संभाल रहा हैं जिसके चलते अधिकतर मरीजों को वापस लौटना पड़ता है। इतना ही नही, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला रोग विभाग गायनिक ओपीडी की स्थिति भी चिंताजनक है। संबंधित डॉक्टर नही होने से पिछले वर्षो की तुलना में यहां पर महिला मरीजों गर्भवतियों की संख्या में भारी गिरावट देखने को मिली है। महिला चिकित्सक के अभाव में ग्रामीण क्षेत्र के परिवार गर्भवती महिलाओं को अन्य चिकित्सालयों में ले जाने को मजबुर है। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र की सफाई व्यवस्था भी बेहद खराब मिली। शौचालय बंद पड़े मिले। रोत ने बताया कि मात्र एक चिकित्सक के भरोसे पूरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित हो रहा है ऐसे में मरीजों को समुचित इलाज मिलना संभव नहीं है। स्थिति यह है कि गंभीर मरीजों को निजी अस्पतालों की शरण लेनी पड़ रही है इसमें गरीब वर्ग के लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। सांसद रोत ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिछीवाड़ा पर ध्यान देने और खाली पदों को जल्द भरने, स्वास्थ्य केंद्र पर साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये।

## सार-समाचार

### बाइक सवारों ने दम्पति को मारी टक्कर

**डूंगरपुर,** (निसं)। कोतवाली थानान्तर्गत शहर के कलेक्ट्रेट मार्ग पर गत रात्रि को सांस्कृतिक सध्या कार्यक्रम से अपने घर की ओर जा रहे एक दम्पति को सामने से आ रहे बाईक सवार युवक जो कि बूरी तरह नशे की हालत में थे ने टक्कर मार दी। जिससे दोनो घायल हो गये। जिन्हें सामान्य चिकित्सालय ले जाया गया जहां से उन्हें इलाज के लिए अहमदाबाद रेफर कर दिया। घटनाक्रम के अनुसार मुकेश पुत्र कारीलाल मेहता तथा अर्चना पत्नी मुकेश मेहता लक्ष्मण मैदान में आयोजित जन्म कल्याणक के कार्यक्रम से अपने घर की ओर जा रहे थे कि सामाने से तेज गति से आ रहे बाइक सवार युवक जिनकी चपेट में दो वाहनधारी तो बचे थे, लेकिन सोम कमला के निकट मुकेश को चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तेज आवाज से आस-पास के लोग भी दौड पडे। इधर घटना की जानकारी मिलते ही कार्यक्रम में बैठे समाज जन एवं राह से गुजर रहे लोगो ने दोनो पति-पत्नी को घायल अवस्था में चिकित्सालय पहुंचाया। घटनाक्रम में मुकेश का पांव फैक्चर हो गया जब कि उसकी पत्नी को मुहं व अन्य स्थानों पर चोंटे आई है। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी तथा उन दोनो युवको को भी अपने कब्जे में ले लिया था।

### विवाहिता की संदिग्धावस्था में मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के माथुगामडा पाल में एक महिला ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। जबकि आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। वहीं,पीहर पक्ष ने मौत पर संदेह जताया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाने के एएसआई ने बताया कि उदयपुर जिले के लराठी निवासी नारायणलाल मीणा ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी बेटी माया की शादी माथुगामडा पाल निवासी सोमा परमार से करवाई थी। उसके ससुराल से शुक्रवार को फोन आया कि उसकी बेटी ने फँदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। पीहर पक्ष मौके पर पहुंचा तो माया का शव घर के अंदर खांट पर था। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। वहीं, पुलिस ने शव को मौके से उठवाकर डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। जहां पीहर पक्ष ने संदिग्ध हालात में मौत का संदेह जताया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मनीषा आमेटा को पीएच.डी की उपाधि

**उदयपुर,** (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड-टू-बी विश्वविद्यालय), उदयपुर के दीक्षांत समारोह में केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने मनीषा आमेटा को शिक्षा संकाय में पीएच.डी की उपाधि प्रदान की। मनीषा आमेटा ने 'दक्षिणी राजस्थान के जनजाति जिलों में शैक्षिक पर्यवेक्षण: प्रावधान, प्रक्रिया एवं समस्याएँ' विषय पर सहायक आचार्य डॉ. हरीश कुमार मेनारिया के निर्देशन में अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। शोध में दक्षिणी राजस्थान के जनजातीय जिलों में शैक्षिक पर्यवेक्षण की वर्तमान व्यवस्था, कार्यप्रणाली और इससे संबंधित समस्याओं का गहन अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। यह शोध क्षेत्रीय शैक्षिक व्यवस्थाओं में सुधार की संभावनाओं को रेखांकित करता है और नीति-निर्माताओं के लिए एक महत्वपूर्ण सन्दर्भ संदर्भ के रूप में सामने आता है।

### सांसद रावत ने सीएम को भेजा पत्र

**उदयपुर,** (कासं)। सांसद डा. मन्नालाल रावत ने कलाल समाज के लोगों को अन्य पिछड़ा वर्ग के देय प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में हो रही समस्याओं को दूर कराने की मांग करते हुए सीएम को पत्र लिखा है। सांसद ने पत्र में बताया कि सर्ववर्गीय कलाल महासभा उदयपुर ने अवगत कराया है कि लोकसभा क्षेत्र उदयपुर अन्तर्गत कलाल जाति के सदस्यों का केन्द्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र नहीं बनाए जाने से कई प्रतिभावान बालक-बालिकाएँ केन्द्रीय सरकारी सेवाओं से वंचित हो रहे हैं। पत्रानुसार भारत के राजपत्र दिनांक 20/10/1994 के क्रम संख्या 25 पर केन्द्रीय पिछड़ा वर्ग की सूची में कलाल जाति का केवल कलाल टाक उपवर्ग ही दर्ज है, जिस कारण कलाल जाति के अन्य उपवर्गों को केन्द्रीय अन्य पिछड़ावर्ग के प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पा रहे हैं।

## प्रेस वार्ता का आयोजन

फोटो-3प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. रमेश पटेल ।

**उदयपुर,** (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल द्वारा कार्डियोनेक्स्ट2025 कॉन्फ्रेंस के आयोजन की पूर्व संध्या पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, जनसामान्य तक उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं पहुँचाने हेतु सदैव प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य के अंतर्गत, 12 व 13 अप्रैल को गीतांजली हॉस्पिटल, उदयपुर में हृदय रोग विभाग द्वारा प्रदेश स्तरीय कार्डियोलॉजी कॉन्फ्रेंस कार्डियोनेक्स्ट 2025 का आयोजन किया जा रहा है। कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पटेल करेंगे, जबकि डॉ. दिलीप जैन आयोजन सचिव तथा डॉ. रोहिन सैनी सहउक्त आयोजन सचिव की भूमिका में रहेंगे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. रमेश पटेल ने बताया कि देशभर से लगभग 300 वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट एवं फिजिशियन इस कॉन्फ्रेंस में भाग लेंगे।

इस दौरान हृदय संबंधी गंभीर बीमारियों, नवीनतम उपचार तकनीकों, नवाचारों एवं शोधपत्रों पर विस्तृत चर्चा होगी। साथ ही एनएमसी की नवीन प्रैक्टिस गाइडलाइन्स भी साझा की जाएंगी। डॉ. पटेल ने यह भी बताया कि कॉन्फ्रेंस में विशेष रूप से हार्ट फेल्योर, युवाओं में बढते हार्ट अटैक के मामले, व्यायाम के दौरान अचानक होने वाले हृदयाघात, एवं धडकन से जुडी बीमारियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान व संवाद होंगे।

## श्रमिक बन पुलिस ने दबोचा

**बांसवाड़ा,** (निसं)। सल्लोपाट थाना पुलिस ने चार साल से फरार वारंटी को श्रमिक का वेष धारण कर गुजरात के राजकोट से गिरफ्तार किया।

इस अवसर पर थानाधिकारी देवीलाल ने बताया कि नाबालिग को भगा ले जाने के मामले में अनिल पुत्र गेबा कटारा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था लेकिन बाद में वह जमानत पर छूटा और फरार हो गया। कोर्ट ने अनिल की गिरफ्तारी के लिये वारंट जारी किया। उक्त प्रकरण सबसे पुराना होने से उच्च न्यायालय जोधपुर से प्रकरण के निस्तारण बाबत् टार्गेटेड केस की श्रेणी में रखा गया। इधर जिला पुलिस अधीक्षक हर्शवर्धन अग्रवाला ने अनिल की गिरफ्तारी पर दस हजार रूपये का ईनाम घोशित किया।

पुलिस ने अथक प्रयास किये और अनिल की गिरफ्तारी के लिये टीमें गठित की गयी। कांस्टेबल चुनाराम व रूद्रप्रताप सिंह को गुजरात भेजा गया। इन लोगों ने जानकारी जुटाई और रेया चौकड़ी पर श्रमिकों का वेष धारण कर अनिल का पता लगाया। अनिल की पहचान के लिये स्थानीय व्यक्ति को साथ में रखा गया। इसी दौरान अनिल को भनक लगी और वह भागने लगा जिसे टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

## शिविर में 351 यूनिट रक्तदान

**उदयपुर,** (कासं)। शुक्रवार को आयड स्थित जैन तीर्थ पर प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी डॉ अनुष्का ग्रुप द्वारा स्व. डॉ अनुष्का सुराणा जी की स्मृति में आयोजित विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में उमड़ा जन सैलाब, जिसमें कुल 351 यूनिट रक्तदान हुआ। यह शिविर भारत की युवा शक्ति को समर्पित था और इस शिविर में 18 से 25 वर्ष की आयु वाले युवाओं ने ही 200 से अधिक यूनिट रक्तदान कर उदयपुर में एक नया कीर्तिमान रचा।

युवाशक्ति को समर्पित इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन अतिरिक्त जिला न्यायाधीश श्री कुलदीप शर्मा, उदयपुर शहर विधायक श्री तारा चंद जैन, राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दीपक माहेश्वरी एवं ओस्तवाल बड़े साजन सभा के अध्यक्ष श्री कुलदीप नाहर द्वारा किया गया। इस शिविर में संस्थान सचिव श्री राजीव सुराणा ने अपनी अर्धान्गिनी डॉ. रंजना सुराणा के साथ तथा ऐसे ही कुल 30 युगल जोड़ो ने एक साथ रक्तदान किया। मातृशक्ति ने भी इस शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लिया और प्रज्ञा खजांची, सपना कोठारी, प्रतिभा शर्मा, भावना माहेश्वरी, रोमा मेहता, प्रज्ञा भावना, चंदा भानावत, शिल्पा तलेसरा, डॉ अंजू बेनीवाल, डॉ अंजना पुरोहित एवं बालिका एन सी सी कैडेट्स समेत 100 से अधिक महिलाओं ने रक्तदान कर अनूठी मिसाल पेश की। इस शिविर में रक्तदान के साथ-साथ पधारे हुए सभी आमजन के लिए नि:शुल्क बी पी एवं शुगर जांच ए.टी.डी.सी द्वारा करवाई गई।इस रक्तदान शिविर में रक्त संठाहण हेतु आर एन टी ब्लड बैंक, सरल ब्लड बैंक, पेसिफिक ब्लड बैंक एवं जीबीच अमेरिकन ब्लड बैंक की टीमों द्वारा अपना अमूल्य योगदान दिया गया जिसके चलते अनुष्का ठ्रुप द्वारा आयोजित इस शिविर में इतना विशालकाय रक्तदान संभव हो पाया। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा निर्देशित तेरापंथ युवक परिषद उदयपुर भी सहयोगी संस्था के रूप में इस रक्तदान शिविर से जुड़ी एवं उनके कार्यकर्ताओं ने भी दिन रात मेहनत कर इस शिविर को सफ़ल बनाया। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद से मुख्य अतिथि के रूप में श्री पवन मांडोत, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री लक्की कोठारी और परिषद के अध्यक्ष भूपेश खमेसरा आदि मौजूद रहे।

डॉ अनुष्का ग्रुप द्वारा डॉ अनुष्का सुराणा जी की स्मृति में आयोजित विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित हुआ।

## छप्पन भोग

**उदयपुर,** (कासं)। नाइयों की तलाई स्थित जागृत हनुमान मित्र मण्डल द्वारा 1008 जागृत हनुमानजी को आजत छप्पन भोग धराया जाएगा। मन्दिर के पुजारी छोगालाल वारी ने बताया कि छप्पन भोग हेतु विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाये जा रहे हैं।

## कलक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

**उदयपुर,** (कासं)। भीषण गर्मी के दौर में बिजली-पानी की निर्बाध आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। जिला कलक्टर नमित मेहता ने शुक्रवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा अजमेर डिस्कॉम के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिषा-निर्देश दिए।

उपखण्ड अधिकारियों को अपने क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की लगातार मोनिटरिंग करते हुए आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देश दिए। जिला कलक्टर मेहता बिजली और जलापूर्ति व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने पीएचईडी के अधिकारियों से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सब-डिजीवन वार जलापूर्ति की स्थिति, पानी की उपलब्धता, संवेदनशील क्षेत्रों के लिए बैकअप प्लान आदि की जानकारी ली। उन्होंने हैंडपंप व नलकूप के बकाया सभी काम 30 अप्रेल तक पूर्ण कराने के लिए पाबंद किया। जिला कलक्टर ने अजमेर डिस्कॉम के अधिकारियों से भी सब डिवीजन वार बिजली की मांग, खपत, ट्रिपिंग, लोड आदि की जानकारी ली।

## एलिवेटेड रोड को मिला देवस्थान का सहयोग

**उदयपुर,** (कासं)। शहर में बन रही एलिवेटेड रोड में देवस्थान विभाग ने भी अपना सहयोग किया है। कोर्ट चौराहे से होकर निकलने वाली एलिवेटेड रोड के नीचे हनुमानजी मंदिर परिसर का कुछ हिस्सा आने पर देवस्थान विभाग ने इस परिसर को जनहित में एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए दिया है, जो करीब 4 मीटर है। इस हिस्से को तोड कर सडक बनाई जाएगी लेंकिन मंदिर के मूल स्वरूप में किसी तरह का कोई परिवर्तन नहीं आएगा और निगम मंदिर मुख्य द्वार और अन्य सुविधाएं पुन: बनाकर देगी।

जानकारी के अनुसार शहर में एलिवेटेड रोड का काम शुरू हो चुका है। इस एलिवेटेड रोड में कोर्ट चौराहे पर स्थित देवस्थान विभाग के हनुमानजी मंदिर के सामने सडक काफी संकरी है। इसी कारण यहां पर समस्या आ रही थी। इसी समस्या को देखते हुए कुछ समय पूर्व उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, नगर निगम और देवस्थान विभाग के अधिकारियों ने दौरा किया था। मंदिर में जाकर देखा तो सामने आया कि प्रवेश करते ही मंदिर का मुख्य द्वार है और इसके बाद एक लम्बा चबूतरा है और इसके बाद हनुमानजी विराजित है। सडक से लेकर विराजित हनुमानजी तक करीब 18 से 20 फीट की दूरी है। इसके साथ ही इस मंदिर की दाईं और बाईं ओर दुकानें भी निर्मित है। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि एलिवेटेड रोड के लिए मंदिर से 4 मीटर जमीन की ही आवश्यकता है और जो मंदिर की सीढियों तक आ रही है। इसके बाद मंदिर का चबूतरा है और इसके बाद हनुमानजी विराजित है। एलिवेटेड रोड में मंदिर से जमीन लेने के बाद भी मंदिर के मूल स्वरूप में किसी तरह का परिवर्तन नहीं हो रहा है। इस पर शहर विधायक ताराचंद जैन ने देवस्थान विभाग के अधिकारियों से सक्षम स्तर पर वार्ता की और इसके बाद देवस्थान विभाग ने एलिवेटेड रोड के लिए मंदिर से जमीन लेने की परमिशन दी है।

देवस्थान विभाग ने स्वीकृति के साथ ही स्पष्ट किया है कि निगम को मंदिर के मुख्य द्वार और बाण्डड्री वॉल को पुन: उसी तरह से और उसी उंचाई के अनुसार बनाना होगा। इसके साथ ही मंदिर के दोनों ओर जिन व्यावसायिक दुकानों को हटाया जाएगा उनका उचित मुआवजा देवस्थान विभाग में जमा करवाना होगा। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने बताया कि एलिवेटेड रोड के निर्माण में देवस्थान की यह स्वीकृति मील में पत्थर का काम करेगी। साथ ही उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने शहरवासियों को आश्वस्त किया है कि किसी भी परिस्थिति में मंदिर के मूल स्वरूप में किसी तरह का परिवर्तन नहीं किया जाएगा केवल कुछ जमीन ली जा रही है।

## निबंध प्रतियोगिता में बीना शाह व अजय कोठारी प्रथम

**डूंगरपुर,** (निसं)। श्री जैन नवयुवक मण्डल के तत्वावधान में महावीर जन्म कल्याणक निमित आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में जहां-नन्ही बालिकाओं ने जैन पाठशाला, वर्तमान संस्कृति तथा जैन पाठशालाओं की महत्ता पर जब कटाक्ष सामाजिक तानेबाने पर कसा तो उपस्थित जन समुदाय न केवल भाव-विभोर हो गया,अपितु वर्तमान परिपेक्ष्य में सुधार की आवश्यकता पर भी बल देते हुए बेटियों को जहां आत्मनिर्भर बनाने की बात सामने आई। वही युवाओं को अपने माता-पिता के प्रति कर्तव्यबोध का भान भी कराया।

श्री जैन नवयुवक मण्डल के तत्वावधान में गुरूवार रात्रि को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी हॉल लक्ष्मण मैदान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व उपखण्ड अधिकारी सलूम्बर शांतिलाल जैन थे। जब कि अध्यक्षता जैन नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष राजेश डेन्डू ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में उप सभापति सुदर्शन जैन, मुकेश जैन रामगढ, पद्म वोरा के सानिध्य में दीप प्रज्ज्वलन के साथ सांस्कृतिक संध्या का आगाज हुआ।

इस अवसर पर नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष राजेश डेन्डू, महामंत्री सुनिल जैन, विवेक दोशी, सूर्यप्रकाश भंवरा, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन ने मुख्य अतिथि व इस आयोजन के मुख्य लाभार्थियों का पगडी, उर्पणा व प्रतिक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। स्वागत उदबोधन सचिव सुनिल जैन ने करते हुए नवयुवक मण्डल की कार्यकारिणी द्वारा किये गये कार्यो का ब्यौरा दिया। इसके पश्चात सन्मति महिला मण्डल के तत्वावधान में मंगलाचरण के साथ प्रभु की स्तुति की गई। सांस्कृतिक संध्या के तहत अनुपमा महिला मण्डल,गंभीरा पार्श्वनाथ महिला मण्डल,अरिहंत महिला मण्डल, आदिनाथ जैन महिला मण्डल, संगम महिला मण्डल तथा त्रिशला महिला मण्डल द्वारा जहां वीर प्रभु की स्तुति में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी तो महिला मण्डल द्वारा वर्तमान परिपेक्ष्य में जो युवा पीढी में जैन पाठशालाओं के प्रति माता-पिताओ की जागरूकता की कमी, काम के बोझ के तले बच्चों में अच्छे संस्कारों का बीजारोपण नहीं कर पाना, कोरोना वायरस जैसी महामारियों को रोकने एवं उससे लडने के लिए धर्म की शरण में जाना सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक क्रियाकलापों पर नन्हें मुन्हे बालकों एवं महिलाओं द्वारा दी गई प्रस्तुति ने उपस्थित धर्म प्रेमियों ने खूब दाद दी। इस अवसर पर आनंदजी कल्याण जी पेढी के प्रादेशिक प्रतिनिधि सिद्धांर्थ मेहता, पूर्व अध्यक्ष रोशन दोशी, रमेश वोरा, मुकेश नागदा, नवीन वोरा, दिलीप नागदा, पवन दोशी, ऋषभ कासलीवाल, पियुष घाटिया, रवि सेठ, केशु नागदा, अजीत नागदा, आदि उपस्थित थे। महावीर जन्म कल्याणक निमित आयोजित अष्ठानिका महोत्सव के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओ में विजेताओ को प्रशस्ती पत्र व पुरस्कारों ने नवाजा गया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता में बीना शाह-अजय कोठारी प्रथम, रूचिका-भावेश जैन द्वितीय, मान्या-जतिन दोशी तथा हर्षि-आशीष जैन तृतीय रहे।

श्री जैन नवयुवक मण्डल के तत्वावधान में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देती महिला मण्डल।

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
विधि/वसूली विभाग, मंडल कार्यालय, उदयपुर
एलआईसी भवन, तीसरा तल, सबसिडी सेन्टर, रेती स्टेण्ड के पास, उदयपुर
फोन नंबर: 0294-2688008/09/22/26, ई-मेल: cs8328@pnb.co.in

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV (नियम 8(1) देखें)
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि
अधोहस्ताक्षरकर्ता श्री शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने पंजाब नैशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 सपठित, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में ऋणी श्री राजेन्द्र पाटीदार पुत्र श्री लक्सी पाटीदार एवं जमानतदार श्री मोहन पाटीदार पुत्र श्री लक्सी पाटीदार पर मांग सूचना दिनांक 07.01.2025 पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर दिनांक 07.01.2025 को बकाया राशि रू. 16,20,597.14 (रूपये सोलह लाख बीस हजार पांच सौ सतानवे एवं पैसे चौदह मात्र) (दिनांक 30.12.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए) प्लस आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने दिनांक 08, माह अप्रेल, वर्ष 2025 को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
कर्जदारों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार दिनांक 31.03.2025 को बकाया राशि रू. 16,39,734.14 (रूपये सोलह लाख उनतालीस हजार सात सौ चौंतीस एवं पैसे चौदह मात्र) प्लस आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों का पुनर्भुगतान करने के लिए पंजाब नैशनल बैंक, शाखा कार्यालय- कतिसोर, डूंगरपुर, राजस्थान के प्रभार के अधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का वर्णन
सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री राजेन्द्र पाटीदार पुत्र श्री लक्सी पाटीदार के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो खसरा नं. 483, राजस्व गाँव कोकापुर, सागवाड़ा, जिला डूँगरपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 752 वर्ग फीट है। सीमाएं- उत्तर: श्री शिवराम पुत्र मानजी पाटीदार का मकान, दक्षिण: श्री मोहन पुत्र लक्सी पाटीदार का मकान, पूर्व: चौक एवं रोड़, पश्चिम: खुली भूमि एवं रोड़

स्थान: डूँगरपुर
दिनांक: 08.04.2025
हस्ता.
(शैलेन्द्र कुमार वर्मा)
प्राधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक

कार्यालय नगर परिषद निम्बाहेड़ा जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.)
क्रमांक/नपनि/निर्माण/25-26/273-75 दिनांक 09/04/2025
-: शुद्धि पत्र-:
नगर परिषद निम्बाहेडा निर्माण शाखा द्वारा पत्र क्रमांक/न.प.नि./निर्माण/25-26/78-79 दिनांक 04.04.2025 से 12 कार्यो की निविदा सूचना नं. 02/2025-26 आमन्त्रित की गई है। उक्त निविदा को प्रशासनिक कारणों से निम्नानुसार दिनांक संशोधन किया जाता है:-
निविदा दिनांक का विवरण निम्नानुसार होगा:-

| | |